# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
## परिवहन विभाग
## 5/9, अण्डर हिल रोड़, दिल्ली – 110054

सं. एफ 19(04)/परि0वि0/सचि0 शा0/2019/26203    दिनांक : 26/03/2022

सेवा में,

उप–सचिव (प्रश्न),
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054

**बिषय :– दिनांक 29/03/2022 को सदन की बैठक में लिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 43**

महोदय,

आपके पत्र के संदर्भ में उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियाँ संलग्न है।

यह उत्तर माननीय परिवहन मंत्री के पूर्व अनुमोदन से जारी हुआ है।

(विकास जैन)
पीसीओ (सचि0)

VIKAS JAIN
Pollution Control Officer
Transport Department
5/9, Under Hill Road, Delhi-54

विभाग का नाम – परिवहन विभाग, दिल्ली सरकार
विभाग का पता – 5/9, अंडर हिल रोड़, दिल्ली – 110054
तारांकित प्रश्न संख्या – 43
सदस्य का नाम – श्रीमती बंदना कुमारी
दिनांक – 29.03.2022

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

| क. सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | क्या यह सत्य है कि बस चालक लेन ड्राइविंग, निर्धारित बस स्टॉप पर रोकना आदि जैसे यातायात संबंधी अनुशासन का पालन नहीं करते हैं, जिससे जनता को ट्रैफिक जाम व अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है; | बस चालक लेन ड्राइविंग, निर्धारित बस स्टॉप पर रोकना आदि जैसे यातायात संबंधी अनुशासन का पालन करें, इसका पूर्ण प्रयास किया जाता है।<br><br>नियामों का उल्लंघन करने वाले बस चालकों के विरूद्ध नियमानुसार उचित कार्यवाही की जाती है। |
| ख | बस चालक नियमों का ठीक से पालन करें, इसके लिए क्या कार्रवाई की जा रही है; | बस चालक नियमों का ठीक से पालन करें, इसके लिए प्रवर्तन शाखा समय–समय पर कार्यवाही करता रहता है। इस शाखा की फील्ड टीमों ने बस चालको के MV Act/ Rules के तहत, दिनांक 01.12.2021 से 01.03.2022 तक 1896 चालान तथा 921 बसे भी जब्त की गयी है।<br><br>परिवहन विभाग की प्रर्वतन शाखा लेन के अनुशासन के लिए एक गहन प्रवर्तन अभियान (Intensive Enforcement Drive) दिनांक 01.04.2022 से चलाने जा रही है। परिवहन विभाग ने डीटीसी एवं डिम्स को पत्र द्वारा आग्रह किया है कि वे अपने बस चालकों को बस लेन सम्बन्धित अनुशासन का पालन करने के लिए जागरूक (sensitize) करें।<br><br>प्रधान सचिव एवं आयुक्त (परिवहन) ने दिनांक 23.03.2022 के D.O पत्र द्वारा विशेष आयुक्त पुलिस (ट्रैफिक) को आग्रह किया है कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस बस लेन के अनुशासन के लिए एक समरूप (similar) गहन ड्राईव (Intensive Enforcement Drive) चलाए।<br><br>इसके अतिरिक्त डीटीसी को भी अपनी Enforcement Team लगाने के लिए कहा गया है जोकि डीटीसी एवं Cluster बस चालकों द्वारा बस लेन सम्बन्धित नियमों का उल्लंघन की रिर्पोट प्रर्वतन शाखा, परिवहन विभाग को उचित कार्यवाही के लिए प्रेषित करेगें।<br><br>**डीटीसी**<br>दिल्ली परिवहन निगम द्वारा समय–समय पर बस चालकों को बस चलाने नियम हेतु दिशा निर्देश जारी किये जाते रहते हैं तथा डिपो स्तर पर चालकों की प्रतिदिन उपबोधन (Counseling) की जाती है। सभी क्षेत्रीय प्रबंधक एवं मुख्यालय की सभी चेकिंग टीमों द्वारा उपरोक्त के संदर्भ में चेकिंग की जाती है अगर कोई अनियमितता पायी जाती है तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाती है। |

ASHISH KUNDRA, IAS
Pr. Secretary-Cum-Commissioner (Tpt)
Transport Department,
GNCT of Delhi
5/9, Under Hill Road, Delhi-110054

| | | |
|---|---|---|
| | | **क्लस्टर बस**<br>क्लस्टर बसों के चालकों को निरन्तर रूप से प्रशिक्षण दिया जाता है। वित वर्ष 2021–22 में 3598 बस चालकों को दिल्ली पुलिस के रोड सेफ्टी सैल द्वारा तथा 6670 ड्राईवरों को आई डी टी आर के द्वारा प्रशिक्षण दिलवाया गया। सभी कलस्टर चालकों को लेन अनुशासन के लिए दिल्ली पुलिस के रोड सेफ्टी सैल के द्वारा वर्चूअल प्रशिक्षण भी दिलाया गया है।<br>सेव लाईफ फाउन्डेशन (एन जी ओ) के द्वारा ऐन्टीसिपेटरी ड्राईविंग और एक्सीडेन्ट प्रीवेन्शन (ADAPT) का विशेष प्रशिक्षण 148 बस चालकों को (वित वर्ष 2021–22) में दिया जा चुका है।<br>वित वर्ष 2021–22 में 44 बस चालकों को अनियमित/लापरवाही से बस चलाने की वजह से उन्हे कलस्टर बस चलाने से वचिंत कर दिया गया है। |
| ग | जनता को बसों के परिचालन, बस रूटों, उनकी समय–सारिणी आदि से अवगत कराने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे है, जो अभी तक उपलब्ध नहीं है; | दिल्ली सरकार द्वारा ऑनलाईन प्लेटफार्म **"चार्टर एप"** दिनांक 06.08.2020 को शुरू कर दिया गया है।<br><br>इन ऑनलाईन प्लेटफार्मो के द्वारा जनता बसों के रूट न., टाईम टेबल तथा बसों की रियल टाईम रनिंग की जानकारी प्राप्त कर सकती है।<br><br>इसके द्वारा जनता/यात्री ऑनलाईन पैमेंट मोड के जरिए टिकिट भी खरीद सकते है। दिनांक 06.08.2020 से 24.03.2022 तक (महिला यात्रियों सहित) क्लस्टर के 1,08,55,921 तथा डी टी सी के 86,67,470 टिकट्स बस यात्रियों ने इस एप के द्वारा खरीदे।<br><br>दूसरा ऑनलाईन प्लेटफार्म **"वन दिल्ली एप"** शुरू होने जा रहा है।<br><br>दिल्ली परिवहन निगम द्वारा परिचालित बस रूटों व समय सारिणी निगम की वेबसाइट www.dtc.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे समय समय पर अपडेट किया जाता है। |
| घ | क्या यह सत्य है कि मेरे पत्र दिनांक 30.12.2021 के उत्तर में पत्र दिनांक 10.1.2022 के द्वारा यह सूचित किया गया था कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में बस टर्मिनल बनाने के लिए दिविप्रा की भूमि उपलब्ध है; | माननीय विधायक श्रीमती बंदना कुमारी ने अपने पत्र दिनांक 30–12–2021 द्वारा माननीय परिवहन मंत्री, दिल्ली सरकार को सूचित किया कि मास्टर प्लान में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा हैदरपुर (टोयटा शो रूम के बराबर में) बस टर्मिनल के लिए भूमि चिन्हित है।<br><br>परिवहन विभाग दिल्ली सरकार द्वारा दिनांक 10–01–2022 के पत्र द्वारा दिल्ली विकास प्राधिकरण को निवेदन किया गया है कि हैदरपुर में चिन्हित भूमि को परिवहन विभाग, दिल्ली सरकार को बस टर्मिनल बनाने के लिए आवंटित कर दिया जाए। वर्तमान में दिल्ली विकास प्राधिकरण से इस संबंध में परिवहन विभाग को कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। |
| ड. | इस संबंध में आगे और की गई कार्रवाई का विवरण; और | |
| च | शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में 'ईवी चार्जिंग स्टेशनों' का विवरण? | शालीमार बाग विधान सभा क्षेत्र में 23 ईवी चार्जिंग स्टेशन है। जिनका विवरण **परिशिष्ट 'क'** पर दिया गया है। |

इसकी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त कर ली गई है।

(आशीष कुन्द्रा)
प्रधान सचिव सह आयुक्त परिवहन

**ASHISH KUNDRA, IAS**
Pr. Secretary-Cum-Commissioner (Tpt)
Transport Department,
GNCT of Delhi

Q No 43 परिशिष्ट 'क' 1/2

| Sr No | address | Pin code | capacity | cost/ unit | payment_ modes | Total Charging points for Public | Charger type |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | H no50 gali no7 onkar nagar B tri Nagar Delhi 110035 | 110035 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 2 | H no50 Gali no7 Onkar Nagar Tri Nagar Delhi 110035 | 110035 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 3 | H n0 50 Gali no7 Onkar Nagar BTri Nagar Delhi 110035 | 110035 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 4 | BB-7A, SHOP NO.3, SHALIMAR BAGH, NEAR UNDERPASS,OPP FLAG, NEW DELHI-110088 | 110088 | 3.3 KW | 20 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 5 | Main road brijpuri phase-1 near brijpuri puliya Sony medical Delhi 110094 | 110094 | 3.3 KW | 50 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 6 | Main road brijpuri phase-1 near brijpuri puliya Sony medical Delhi 110094 | 110094 | 3.3 KW | 50 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 7 | Main road brijpuri phase-1 near brijpuri puliya Sony medical Delhi 110094 | 110094 | 3.3 KW | 50 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 8 | Home no.98,O block fhase 4 shive vihar dehli karaval nagar 94 near shiv shakti school | 110094 | 3.3 KW | 30 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 9 | E11/162 shastri park Delhi 53 | 110094 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 10 | D-18/241 Brijpuri Main Road near Arun morden senior sec. School Delhi 110094 | 110094 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 11 | D-18/241 Brijpuri Main Road near Arun morden senior Sec. school Delhi 110094 | 110094 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |

Q No 43

2/2

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | D-18/241 Brijpuri Main Road near Arun morden senior sec. School Delhi 110094 | 110094 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 13 | B 8 MAIN ROAD JOHRI PUR EXTANSION OPP LALIT BUILDER NEAHDFCR BANK ATM DELHI | 110094 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 14 | B-8 JOHRI PUR EXTANSION OPP LALIT BUILDER NEAR HDFC BANK ATM DELHI | 110094 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 15 | B-8 JOHRI PUR EXTANSION OPP LALIT BUILDER NEAR HDFC BANK ATM DELHI | 110094 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 16 | D-18/241 main road Brijpuri near Arun morden public school | 110094 | 3.3 KW | 45 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 17 | 142 Deepali Enclave Pitampura Delhi 110034 | 110034 | 3.3 KW | 20 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 18 | 473, Britannia Rd, Tri Nagar, Delhi, 110034 | 110034 | 3.3 KW | 10 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 19 | 473, Britannia Rd, Tri Nagar, Delhi, 110034zypp | 110034 | 3.3 KW | 5 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 20 | 473, Britannia Rd, Tri Nagar, Delhi, 110034 | 110034 | 3.3 KW | 5 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 21 | 473, Britannia Rd, Tri Nagar, Delhi, 110034 | 110034 | 3.3 KW | 5 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 22 | 37A DDA JANTA FLAT PITAMPURA NEAR SHIVA MARKET DELHI 110034 | 110034 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |
| 23 | 37 A dda Janta flat Pitampura Shiva market Delhi 110034 | 110034 | 3.3 KW | 40 | E-Wallet/Card/UPI | 1 | BOLT 16A LITE 240V 5A/15A Socket |